फुटबॉल

अण्डर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल चैंपियनशिप

# नर्मदा एफसी मंडला ने रायसेन को 5-0 से हराया



**नवभारत, जबलपुर 12 अप्रैल।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में खेली जा रही अण्डर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल चैंपियनशिप में रविवार को दो मैच खेले गए। उक्त जानकारी अमित रंजन देव सचिव मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने देते हुए बताया कि पहला मैच नर्मदा एफसी मंडला एवं रायसेन एफसी रायसेन के बीच खेला गया।

मैच के 24वें मिनट में मंडला ने गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मंडला की टीम ने लगातार आक्रमण किए और 35वें मिनट में दूसरा और 40वें मिनट में तीसरा गोल कर 3-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर तक मंडला 3 गोल से आगे रही।

### मध्यांतर के बाद मंडला ने दागे दो गोल

मध्यांतर के पश्चात रायसेन ने नई रणनीति से खेलते हुए कुछेक अच्छे आक्रमण किए, लेकिन तालमेल के अभाव में गोल करने में सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर मंडला की टीम ने जवाबी आक्रमण करते हुए 60वें मिनट में चौथा और 80वें मिनट में पांचवां गोल दागकर 5-0 से जीत दर्ज की।

### सरदारपुर धार की टीम 3-0 से जीती

दूसरा मैच डायमंड रॉक बालाघाट एवं सरदारपुर एफसी धार के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही दोनों टीमें गोल करने का प्रयास करती रहीं, परन्तु सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रही। मध्यांतर के पश्चात धार ने तीन गोल दागकर मैच 3-0 से जीत लिया।

## रेलवे को हराकर लाइंस एफसी बना चैम्पियन

असिम चंसोरिया मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता

**जबलपुर।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित असिम चंसोरिया मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेलवे एफसी एवं लाइंस एफसी के बीच खेला गया, जिसमें लाइंस एफसी ने 6-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच शुरू होते ही लाइंस एफसी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए रेलवे के गोल पर आक्रमण किए और चौथे ही मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। खेल के 15 मिनट में लाइंस ने दूसरा गोल किया। रेलवे एफसी गोल करने का प्रयास करती रही, परन्तु सफलता नहीं मिली। खेल के 44वें मिनट में लाइंस ने तीसरा गोल कर मध्यांतर तक 3 गोल की बढ़त बना ली थी।

### मध्यांतर के बाद दागे तीन गोल

मध्यांतर के पश्चात् रेलवे गोल करने का प्रयास करती रही, परन्तु लायंस के रक्षा पंक्ति के शानदार प्रदर्शन के कारण गोल करने में सफलता नहीं मिली। खेल के 60वें मिनट में लाइंस ने चौथा, 67वें मिनट में पांचवां और 87वें मिनट में छठा गोल का 6-0 से जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक रवि परमार, ज्वाला धारवाड़, अंजल सिंह ठाकुर, भानू सोनी एवं मैच कमिश्नर चंद्रा मालिक रहे।

## अंडर-15 बालिका ट्रायल में शहर की 6 प्रतिभाओं का चयन

15 को इंदौर में होंगे अगले राउंड के ट्रायल, 100 खिलाड़ियों में से होगी शॉर्टलिस्टिंग




**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा 25 व 26 मार्च 2026 को नीमखेड़ा स्थित एमपीसीए मैदान में आयोजित ओपन बालिका वर्ग अंडर-15 चयन ट्रायल में जबलपुर संभाग की 6 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों—रीती पटेल, अनिष्का सिंह बहरावत, आराध्या गुप्ता, चेतना पंदरे, दिया लोमटे और धन्वी धुर्वे—का चयन किया गया है। संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक के अनुसार, चयनित खिलाड़ियों को 15 अप्रैल 2026 को होल्कर क्रिकेट स्टेडियम, इंदौर में आयोजित अगले चरण के ट्रायल में शामिल होना होगा। इस चरण में प्रदेश के 10 संभागों से चुनी गई 100 खिलाड़ियों में से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए टीम का गठन किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव सुशील रजक सहित सदस्य धर्मेंद्र पटेल, पवन सिंघिया, मनोज ठाकुर, प्रशांत द्विवेदी, गोपाल दत्त जोशी, विक्रम जनसारी, असद खान, उमाशंकर यादव, किशोर बेन और सुकेश झा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं महिला चयनकर्ता डॉ. प्रार्थना विश्वकर्मा, बबूशा सिंह, नीता केवट, मेघा जैन और श्रुति जैन ने भी सभी चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## किक बॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** बल्देवबाग स्थित स्मॉल वंडर्स शाला में विगत दिवस जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के नियमानुसार संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों और अकादमियों से जुड़े खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राम किशोर सोनी (सचिव), ज्योत्सना सिंह ठाकुर (अध्यक्ष), लक्ष्मी सोनी (उपाध्यक्ष) एवं अमर कदम (कार्यकारी सदस्य) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र कुमावत ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में मयंक दुबे (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, पश्चिम मध्य रेलवे) एवं विशिष्ट अतिथि नीलम दुबे उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में नरेंद्र सोनकर (मुख्य निर्णायक), रीता राजानी, नीलम रैकवार, सत्यम उरमलिया (रेफरी), योगिता सोनी एवं रितु रजक ने अपनी भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में निशिता दुबे, कपीश धनराज साव, त्रिजल साव, गौरी शुक्ला, विवेक बर्मन सहित कई विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक अर्जित किए। वहीं मेहुल, अनु राज, उत्कर्ष जैन एवं इशान गुप्ता जैसे विशेष बच्चों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अंकित चक्रवर्ती (योगाचार्य) का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा।

## मैकेनिकल और टीआरएस एनकेजे ने दर्ज की जीत





एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट

**जबलपुर, नवभारत।** एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेल कर्मचारियों के कार्य तनाव को कम करना और खेल के माध्यम से उनमें नई ऊर्जा भरना है। खेले गए पहले मैच में धुरंधर 11 ने विक्रमपुर को हराया। इस मुकाबले में संतोष ने 43 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच रहे। वही दूसरे मैच में मैकेनिकल टीम विजयी रही। इस मैच में आकाश ने 47 रनों की धुआंधार पारी खेली जिसके लिए आकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया बात करे अगर तीसरे मैच की तो ईएनजी डीआईवी के शुभम की कप्तानी पारी ने सतना को 11 रनों से हराकर जीत दर्ज की। इस मैच में अभिषेक मैन ऑफ द मैच बने। वही चौथे और अंतिम मैच में टीआरएस एनकेजे ने जबलपुर कंट्रोल के विरुद्ध जीत हासिल की।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

क्रिकेट मैच के शुरू होने से पहले मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला, कंट्रोलर ए.पी. सिंह, कोटा सोसायटी के डायरेक्टर सिंटू सिंह, समीर शर्मा, दीपक राय, अजय शुक्ला, ईसीसी डेलीगेट ओम मिश्रा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों की मानसिक थकान दूर होती है और कार्यक्षमता बढ़ती है। विजेताओं को सिंटू सिंह, दीपक राय, अजय शुक्ला, राज शेखर और समीर शर्मा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। एआईआरएफ ने सभी प्रतिभागी टीमों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस प्रतियोगिता को और भी भव्य रूप देने का संकल्प लिया।


### ये रहे उपस्थित

इस दौरान त्रिलोक नायडू, हसन अली, कैलाश यादव, अजय गोस्वामी, रणवीर सिंह, प्रवीण सिंह, सोमनाथ, संदीप, सतीश, असलम, ओमप्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।



## एनएच-30 पर पेड़ से टकरा कर पलटा डंपर, चालक फरार

हाईवे में भावल के पास हुआ हादसा, टली बड़ी अनहोनी



**भावल।** नेशनल हाईवे-30 पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम भावल के समीप एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दुर्घटना में गनीमत यह रही कि डंपर मार्ग किनारे लगे एक बबूल के पेड़ से जा टकराया, जिसने डंपर को थाम लिया और एक बड़ी संभावित घटना टल गई। हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

जानकारी अनुसार डंपर जबलपुर की ओर से मंडला की तरफ आ रहा था। बताया गया है कि वाहन में मंडला के ग्राम आमानाला में चल रहे निर्माण कार्य के लिए सामग्री लोड थी। जैसे ही डंपर ग्राम भावल के पास पहुँचा, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और डंपर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से टकराते हुए पलट गया। बताया गया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को अंजाम देने के बाद डंपर का चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

**पुलिस और डायल 112 ने संभाला मोर्चा**-हादसे की जानकारी तत्काल थाना टिकरिया पुलिस और डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात आरक्षक राम मसकरे और पायलट पवन साहू तत्काल मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने सबसे पहले यह सुनिश्चित किया कि वाहन में कोई फँसा तो नहीं है।

**सुपरवाइजर को दी गई सूचना**-जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि डंपर मंडला के ग्राम आमानाला में चल रहे निर्माण स्थल की ओर जा रहा था, जिसके बाद संबंधित विभाग के सुपरवाइजर को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर सुपरवाइजर भी मौके पर पहुँचे। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। हाईवे पर पलटे डंपर को हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है ताकि यातायात प्रभावित न हो।

## सड़क को बनाया निजी पार्किंग, विरोध पर मिली मौत की धमकी

नारायणगंज में बीच सड़क पर अवैध कब्जा और गंदगी से लोग बेहाल, थाने पहुंचे कॉलोनीवासी



**नारायणगंज।** नारायणगंज मुख्यालय की सागर कॉलोनी के समीप पड़रिया पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 में एक व्यक्ति की मनमानी ने कॉलोनीवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने सार्वजनिक सड़क को अपनी निजी पार्किंग और पानी निकासी का जरिया बना लिया है, जिससे क्षेत्र में रोजाना तनाव और विवाद की स्थिति बन रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उक्त व्यक्ति कभी घर का गंदा पानी सड़क पर बहा देता है, तो कभी बीच रास्ते में वाहन खड़ा कर आवागमन बाधित कर देता है। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत ने नोटिस भी जारी किया, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। जब कॉलोनीवासियों ने विरोध किया, तो उन्हें अपशब्द कहे गए और जान से मारने की धमकियां तक दी गईं।

### थाना टिकरिया में दर्ज कराई शिकायत

संबंधित व्यक्ति के अड़ियल रवैये और धमकियों से तंग कॉलोनीवासी एकजुट होकर थाना टिकरिया पहुँचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क से अवैध कब्जा हटाकर गंदा पानी बहाने पर रोक लगाई जाए जिससे आमजन को सुरक्षा और राहत मिल सके।

**नाम परिवर्तन/आम सूचना**

मैं इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व सामान्य को सूचित करना चाहती हूँ कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम **MEHAR SABA** महर सबा, मेरे पिताजी का नाम **WAKEEL AHMED** वकील अहमद मेरी माता का नाम **NAZREEN** नाजरीन लिखा हुआ है। यह कि, वर्तमान में, मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम **MAHER SABA** महर सबा पति का नाम **KADIR KHAN** कादिर खान लिखा हुआ है, निवासी:- सरकिट हाउस नं.1, एमपायर टाकीज के पास सिविल लाईन जबलपुर, एवं मेरे पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आई डी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम/पता यही लिखा हैं इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है, केवल मार्कशीट में मेरा नाम **MEHAR SABA** एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम **MAHER SABA** केवल मेरे प्रथम नाम में अंग्रेजी का एक अक्षर "E" एव "A" का अंतर है, परंतु नाम का उच्चारण एक समान है, विज्ञापन का मूल उद्देश्य पासपोर्ट के आवेदन हेतु है।

मार्कशीट में मेरा नाम :- **MEHAR SABA** महर सबा

वर्तमान में सभी दस्तावेजों में मेरा नाम:- **MAHER SABA** महर सबा

**MAHER SABA** महर सबा

मो-8109146196, 7000299953

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2025-26

जबलपुर, दिनांक:- 0 / /2026

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रत्युश शुक्ला पिता स्व. श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला निवासी 1524 होम साईन्स कालेज रोड नेपियर टाऊन जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा मौजा नजूल ब्लॉक नंबर 04 प्लॉट नंबर 85, 86/1 स्थित भूमि में रकवा 2805 वर्गफुट भूमि पर गिरजा बाई, कमला बाई, नर्मदा बाई, कस्तूरी बाई, गंगा प्रसाद, गोविंद प्रसाद शुक्ला व अन्य की मृत्यु दिनांक 16/05/2018 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक:- 01/04/2026

पेशी दिनांक:- 15/04/2026

सील

**तहसीलदार अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)**

खंड-1

**मध्यप्रदेश शासन कार्यालय पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/ ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 10/04/2026

1. वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Pre Stessed Reinforced Cement Concrete (PRCC) Fencing Pole Height 2.00Mtrs. | **Type —** Straight<br>**Length —** 2.00 Meter<br>**Dimensions —** Bottom 10X10 cm Square, Top 10X1 0 cm Square<br>**Cement Concrete Mix —** Concrete mix shall be conforming to Grade M-15 of IS:456 with Upto Date amendments<br>**Reinforcement-**There shall lbe 4 nos. of vertical reinforcement of high tensile steel wire of 4 mm diameter.<br>**Holes —** Fencing pole should be prvided with 6 holes.<br>**Hook :-** Six hooks of 4 mm MS bars should also be provided with fencing Pole | 5000 Nos. | 45000/- | 1000/- |
| 2. | RCC Fencing Poles Height 2.0 m. | **Type-** Straight<br>**Length -** 2.00 m<br>**Poles Dimensions -** Bottom 10x10 cm square, Top 8x8 cm square.<br>**Cement Concrete Mix -** Cement, sand and metal ratio 1:2:4, with 12.5 nominal size coarse aggregate. Sand used should be free from clay and salt.<br>concrete mix shall be conforming to grade M-I5 of 1S:456:2000<br>**Reinforcement -** 4 round vertical bars of 6 mm diameter. 11 no of stirrups of 6 mm diameter round MS bars 20 cm center to center.<br>**Hooks -** 5 no, bottom hook should be provided 60 cm above the bottom of the pole, second at 82.5 cm, third hook at 112.5 cm, fourth hook at 150 cm, top and fifth hook at 195 cm from bottom.<br>**Manufacturing-** In order to ensure desired compressive strength, RCC fencing poles should be compacted with the help of platform vibrators. Surface should be uniform and free from voids. The concrete cover over the reinforcement should not be less than 1.5 cm. | 5000 Nos. | 42000/- | 1000/- |

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/ कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 13/04/2026 बजे 11:00 AM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
* निविदा पूर्व बैठक दिनांक 24/04/2026 समय 12:30PM को कार्यालय वनमंडल पश्चिम बैतूल (सा.)में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। विडियों कॉन्फ्रेस का लिंक प्राप्त करने हेतु E-mail: dfotwbetul@mp.gov.in पर दिनांक 23/04/2026 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करें। विडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 24/04/2026 को 11:00PM आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगा। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल**

जी-11374/26

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

ज्ञाप क्र.11/ /सा-2/2026-27 दिनांक 08/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)**

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 03/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी.0.00 कि.मी. से आर.डी. 18.00 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य। | रू.385.36 लाख (रू. तीन सौ पचासी लाख छत्तीस हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी.,आर.डी. यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू.386000/- (रू.तीन लाख छियासी हजार मात्र) | रू. 15000/- (रू.पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 04/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी.18.00 कि.मी. से आर.डी. 35.00 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य। | रू.359.58 लाख (रू. तीन सौ उनसठ लाख अन्ठावन हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी.,आर.डी. यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू.360000/- (रू.तीन लाख साठ हजार मात्र) | रू. 15000/- (रू.पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 05/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी.35.00 कि.मी. से आर.डी. 52.83 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य। | रू.362.61 लाख (रू. तीन सौ बासठ लाख इकसठ हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी., आर.डी. यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू.363000/- (रू. तीन लाख त्रेसठ हजार मात्र) | रू. 15000/- (रू.पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 06/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना के अंतर्गत बरगी कालोनी बगासपुर में स्थित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के चारो ओर बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | रू.48.68 लाख (रू. अडतालीस लाख अडसठ हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी., आर.डी. यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 एवं एम.पी.पी.डब्ल्यू.डी., यू.एस.आर. 01/01/2024 पर लागू) | रू.50000/- (पचास हजार रूपये मात्र) | रू. 5000/- (पांच हजार पांच सौ रूपये मात्र) | 06 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 21/04/2026 17:30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

**(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता,**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर**

जी-11412/26

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता